EQUIP - DIET KASARGOD

SSLC EXAMINATION – 2023

Time : 1 ½ Hrs. **HINDI** Maximum score : 40

- **सूचनाएँ ध्यान से पढ़ें ।**
- **पहले 15 मिनट का समय प्रश्नों को ध्यान से पढ़ने केलिए है ।**
- **अंक और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखना है ।**

Part 1

A - सूचना: " आई एम कलाम के बहाने " का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 1 से 6 तक के किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखें। (4 x 1 = 4)

हमारा सौदा था खेल घंटी में खाने की अदला–बदली का । यानी मेरे टिफ़िन के राजमा–चावल उसके और उसके घर से आया बड़ा–सा छाछ का ड़िब्बा मेरा । उसे पता था कि छाछ मेरी कमज़ोरी है ।

1 यह किसका कथन है ?
2 राजमा–चावल किसको पसंद है ?
3 " उसके " में निहित सर्वनाम कौन– सा है ? (मै – तुम – यह – वह)
4 " नीली–खाकी यूनिफ़ॉर्म " – इसमें विशेषण शब्द कौन– सा है ?
5 **सही वाक्य चुनकर लिखें।**
वह स्कूल जाने लगे। वह स्कूल जानी लगी।
वह स्कूल जाना लगा। वह स्कूल जाने लगा।
6 मोरपाल का घर स्कूल से कितनी दूरी पर है ?

B

सूचना : 7 से 9 तक के सभी प्रश्नों के उत्तर देना ज़रूरी है। (3 x 1 = 3)

इसी बीच शादी के कार्ड छपके आए । गुठली बड़ी उत्सुक थी । जैसे–तैसे पूजा–पाठ करके कार्ड हाथ में आया तो गुठली का मुँह उतर गया । वह ताऊजी के पास जाकर बोली, " देखिए भइया मेरा नाम कार्ड में छपवाना भूल गया ? "

7 " मुँह उतर जाना " का मतलब क्या है ? (खुश होना , क्रुद्ध होना , उदास होना)

8 कोष्ठक से सही शब्द चुनकर वाक्य की पूर्ति करें ।

गुठली का मुँह उतर .....। (जाएगी , जाएगा , जाएँगे , जाएँगी)

9 **गुठली** बड़ी उत्सुक थी । (रेखांकित शब्द के बदले ' **भाई** ' शब्द का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें ।)

Part 2

A सूचना : नीचे दिए प्रश्न का उत्तर लिखें। (1 x 2 = 2)

10 **वाक्य पिरमिड की पूर्ति करें । (कुप्पी की , धुँधली)**

कुएँ पर आ रही थी ।

रोशनी कुएँ पर आ रही थी ।

.....

.....

B

सूचना : 11 से 12 तक के प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखें। (1 x 2 = 2)

11 हिमालय के बर्फीले इलाकों से पशुचारक निचले इलाकों में कब उतर आते हैं ? क्यों ?

12 फूलदेई का त्योहार बच्चे कैसे मनाते हैं ?

Part 3 A सूचना : " सबसे बड़ा शो मैन " का यह अंश पढ़े और 13 से 16 तक के प्रश्नों में

माँ और मैनेजर में बहस होते देख वह वहाँ गया । मैनेजर ने चार्ली को माँ के कुछ दोस्तों के सामने अभिनय करते देखा था और वह उसे स्टेज पर भेजने की ज़िद करने लगा । माँ डर गई । पाँच साल का बच्चा इस उग्र भीड़ को झेल पाएगा !

से किसी तीन प्रश्नों के उत्तर लिखें। (3 x 3 = 9)

13 मान लें , आपके स्कूल में चार्ली चैप्लिन फिल्मोत्सव का आयोजन किया है । इसकेलिए एक पोस्टर तैयार करें ।

14 **सम्बन्ध पहचानकर सही मिलान करें।**

पाँच साल का बच्चा	चार्ली को अभिनय करते देखा था ।
मैनेजर चार्ली को	इस उग्र भीड़ को झेल पाएगा !
माँ के कुछ दोस्तों के सामने	स्टेज पर भेजने की ज़िद करने लगा

15 चार्ली स्टेज पर पहली बार आया और माँ आ़खिरी बार । अगले दिन समाचार पत्र में आया रपट कल्पना करके लिखें ।

16 चार्ली ने जनता में गुदगुदी फैला दी । कैसे ?

B

सूचना : " दिशाहीन दिशा " का यह अंश पढ़े और नीचे दिए प्रश्न का उत्तर लिखें।

(1 x 3 = 3)

उस सर्दी में भी वह सिर्फ एक तहमद लगाए था । गले में बनीयान तक नहीं थी । उसकी दाढ़ी के ही नहीं छाती के भी बाल सफ़ेद हो चुके थे ।

17 अविनाश और मल्लाह के बीच का वार्तालाप तैयार करें ।

Part 4

A – सूचना : 18 से 20 तक के प्रश्नों में से किसी दो प्रश्नों के उत्तर लिखें।

(2 x 4 = 8)

" बीरबहूटी " कहानी का यह अंश पढ़ें और नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

बेला के भयभीत चेहरे को देखकर साहिल बुरी तरह डर गया था । उसने देखा कि बेला के पाँव अभी भी काँप रहे हैं । जैसे वह खड़े– खड़े अभी गिर जाएगी । सुरेंदर जी माटसाब ने कॉपी को उसके बैठने की जगह पर फेंकते हुए कहा , " बैठ अपनी जगह " ।

18 बेला की उस दिन की डायरी लिखें ।

19 मान लें बेला उस दिन के अनुभवों को अपनी सहेली के नाम पत्र लिखकर भेजी है । वह पत्र कल्पना करके लिखें ।

' ठाकुर का कुआँ ' कहानी का यह अंश पढ़ें और नीचे दिए प्रश्न का उत्तर लिखें।

कुप्पी की धुँधली रोशनी कुएँ पर आ रही थी । गंगी जगत की आड़ में बैठी मौके का इंतज़ार करने लगी । इस कुएँ का पानी सारा गाँव पीता है । किसी केलिए रोक नहीं , सिर्फ ये बदनसीब नहीं भर सकते ।

20 गंगी के चरित्र पर टिप्पणी लिखें ।

B

सूचना : 21 से 22 तक के प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखें। (1 x 4 = 4)

भयानक है लेकिन इससे भी ज़्यादा यह
कि हैं सारी चीज़ें हस्बमामूल
पर दुनिया की हज़ारों सड़कों से गुज़रते हुए
बच्चे , बहुत छोटे–छोटे बच्चे
काम पर जा रहे हैं ।

21 कवि और कविता का परिचय देते हुए कवितांश का आशय लिखें ।

22 ' बालश्रम ' विषय पर लघु लेख लिखें ।

Part 5

A सूचना : 23 से 24 तक के प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखें। (1 x 5 = 5)

पाँचवी कक्षा का रिज़ल्ट आ गया। दोनों छठी में आ गए। यह स्कूल पाँचवी तक ही था।
" साहिल अब तुम कहाँ पढ़ोंगे ? " बेला ने पुछा।
" और तुम कहाँ पढ़ोगी बेला ? " साहिल ने पुछा।

23 ' बीरबहूटी ' कहानी के उपर्युक्त प्रसंग के आधार पर पटकथा का एक दृश्य तैयार करें।

" ठाकुर और साहू के दो कुएँ तो है । क्या एक लोटा पानी भरने न देंगे ? " " हाथ – पाँव तुड़वा आएगी और कुछ न होगा । बैठ चुपके से ।ब्राह्मण देवता आशीर्वाद देंगे , ठाकुर लाठी मारेंगे , साहूजी एक के पाँच लेंगे ।गरीबों का दर्द कौन समझता है ! हम तो मर भी जाते हैं, तो कोई दुआर पर झाँकने नहीं आता , कंधा देना तो बड़ी बात है । ऐसे लोग कुएँ से पानी भरने देंगे ? "

24 ' ठाकुर का कुआँ ' कहानी के उपर्युक्त प्रसंग के आधार पर पटकथा का एक दृश्य तैयार करें।

EQUIP - DIET KASARGOD

SSLC EXAMINATION – 2023

HINDI - ANSWER KEY

Part 1

A

1. मिहिर का।
2. मोरपाल को।
3. वह
4. नीली–खाकी
5. वह स्कूल जाने लगा।
6. पंद्रह किलोमीटर

B

7. उदास होना
8. गुठली का मुँह उतर जाएगा।
9. **भाई** बड़ा उत्सुक था।

Part 2

A

10. कुएँ पर आ रही थी।
    रोशनी कुएँ पर आ रही थी।
    धुँधली रोशनी कुएँ पर आ रही थी।
    कुप्पी की धुँधली रोशनी कुएँ पर आ रही थी।

B

11. ठंड के मौसम में। ठंड से पालतू जानवरों को बचाने केलिए।
12. विषय पर आधारित विवरण। उचित भाषा।

Part 3

A

13. **पोस्टर** – रूप–संविधान – आकर्षक हो – विषयानुकूल हो।
14.

पाँच साल का बच्चा मैनेजर चार्ली को	इस उग्र भीड़ को झेल पाएगा ! स्टेज पर भेजने की ज़िद करने लगा
माँ के कुछ दोस्तों के सामने	चार्ली को अभिनय करते देखा था ।

15. **रपट** – उचित शीर्षक – संक्षिप्त विवरण।
16. विषय पर आधारित विवरण। उचित भाषा।

B

17. **वार्तालाप –** वार्तालाप की शैली – प्रसंगानुकूल।

Part 4

18. **डायरी –** आत्मनिष्ठ भाषा – प्रसंग समझकर लिखी है –डायरी के समय (दिन/दिनांक) का उल्लेख है।
19. **पत्र –** पत्र की शैली – प्रसंग समझकर लिखा है – रूपरेखा का पालन।

20. **टिप्पणी –** उचित शीर्षक – कहानीकार और पात्र का परिचय – चरित्र का विश्लेषण –।

B

21. **कवितांश का आशय –** कवि और कविता का परिचय दिया है – भाषा – आशय का विस्तार किया है।
22. **लघु लेख –** शीर्षक – विषय विस्तार – लेख की शैली।

Part 5

A

पटकथा – समय और स्थान का उल्लेख – पात्र परिचय – दृश्य विवरण – उचित संवाद।
